MP Board Class 6th Social Science Solutions Chapter 16 हमारा देश भारत

प्रश्न
भारत के मानचित्र को ध्यानपूर्वक देखिए तथा निम्न की सूची बनाइए
उत्तर:
(1) भारत के प्रमुख पर्वतों के नाम

- हिमालय पर्वत
- विंध्याचल पर्वत
- नीलगिरि पर्वत
- अरावली पर्वत।

(2) भारत की प्रमुख नदियों के नाम

- गंगा नदी
- नर्मदा नदी
- दामोदर नदी
- गोदावरी नदी।

(3) भारत के पठारों के नाम

- मालवा का पठार
- दक्षिण का पठा
- सतपुड़ा
- छोटा नागपुर का पठार।

प्रश्न 1.
निम्नलिखितं प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए –
(अ) भारत एशिया के किस भाग में स्थित है ?
उत्तर:
भारत एशिया के दक्षिण में है।

(ब) भारत के उत्तर में स्थित देशों के नाम लिखिए।
उत्तर:
भारत के उत्तर में नेपाल, चीन और भूटान हैं।

(स) भारत के दक्षिण में कौन-सा महासागर है ?
उत्तर:
भारत के दक्षिण में हिन्द महासागर है।

प्रश्न 2.
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए –
(अ) उत्तर के विशाल मैदान की विशेषताएँ बताइए।
उत्तर:
उत्तर के विशाल मैदान की विशेषताएँ –

- उत्तर का विशाल मैदान बहुत उपजाऊ है।
- इस मैदान में सिन्धु, गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र नदियाँ बहती हैं।
- यहाँ जनसंख्या अधिक पाई जाती है।
- इस मैदान के पश्चिम में थार का मरुस्थल है।

(ब) भारत को कितने प्राकृतिक विभागों में बाँटा जा सकता है ? सभी का नाम लिखते हुए इनमें से एक भाग का वर्णन कीजिए।
उत्तर:
भारत को निम्नलिखित पाँच प्राकृतिक भागों में बाँटा जा सकता है –

- उत्तर का पर्वतीय भाग
- उत्तर का विशाल मैदान
- दक्षिण का पठार
- पूर्वी घाट और पश्चिमी घाट
- तटीय मैदान एवं द्वीप समूह।

उत्तर का विशाल मैदान –
उत्तर:
उत्तर के विशाल मैदान की विशेषताएँ –

- उत्तर का विशाल मैदान बहुत उपजाऊ है।
- इस मैदान में सिन्धु, गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र नदियाँ बहती हैं।
- यहाँ जनसंख्या अधिक पाई जाती है।
- इस मैदान के पश्चिम में थार का मरुस्थल है।

प्रश्न 3.
सही उत्तर चुनकर लिखिए –
(अ) निम्नलिखित में से दक्षिण के पठार में कौन-सा
पर्वत है ?
(i) हिमालय
(ii) पटकोई
(iii) शिवालिक

https://www.evidyarthi.in/

(iv) विन्ध्याचल
उत्तर:
(iv) विन्ध्याचल

(ब) निम्नलिखित में से भारत के दक्षिण में कौन-सा देश है ?
(i) चीन
(ii) बांग्लादेश
(iiii) पाकिस्तान
(iv) श्रीलंका।
उत्तर:
(iv) श्रीलंका।

(स) निम्नलिखित में भारत का राज्य कौन-सा है ?
(i) दिल्ली
(ii) अण्डमान निकोबार
(iii) पांडिचेरी
(iv) अरुणाचल।
उत्तर:
(iv) अरुणाचल।

(द) हमारे देश में कुल कितने प्रदेश हैं ?
(i) 27
(ii) 29
(iii) 28
(iv) 25
उत्तर:
(ii) 29

प्रश्न 4.
रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –
(अ) भारत में केन्द्र शासित प्रदेशों की संख्या .... है।
(ब) भारत का दक्षिणतम बिन्दु .... है।
(स) भारत का पूर्वी तटीय मैदान बहुत .... है।
(द) त्रिपुरा की राजधानी .... है।
(य) भारत के पश्चिम में .... देश है।
उत्तर:
(अ) सात
(ब) इंदिरा पॉइंट
(स) उपजाऊ
(द) अगरतला
(य) पाकिस्तान।

प्रश्न 5.
सही जोड़ी मिलाइए

'क'	ख'
(i) मध्य प्रदेश	(अ) हैदराबाद
(ii) उत्तर प्रदेश	(ब) शिमला
(iii) हरियाणा	(स) भोपाल
(iv) हिमाचल प्रदेश	(द) लखनऊ
(v) आन्ध्र प्रदेश	(य) चण्डीगढ़

उत्तर:
(i) (स) भोपाल
(ii) (द) लखनऊ
(iii) (य) चण्डीगढ़
(iv) (ब) शिमला
(v) (अ) हैदराबाद
प्रश्न 6.
नीचे दिये गये भारत के मानचित्र में कुछ संकेत दिये गये हैं। उन संकेतों के पास उनके नाम लिखिए तथा
(i) हिमालय पर्वत
(ii) विन्ध्याचल पर्वत
(iii) नीलगिरी पर्वत
(iv) गंगा नदी
(v) नर्मदा नदी
(vi) मुम्बई
(vii) चेन्नई
(viii) भोपाल
(ix) कर्क रेखा
(x)अरावली पर्वत
(xi) दिल्ली को दर्शाइए।
उत्तर:

https://www.evidyarthi.in/



भारत
हिमालय पर्वत श्रेणी
दिल्ली
अरावली पर्वत
गंगा नदी
विंध्याचल श्रेणी
भोपाल
कर्क रेखा
नर्मदा नदी
मुम्बई
चेन्नई
नीलगिरी
लक्षद्वीप (भारत)
अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह (भारत)
हिन्द महासागर